# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (06.04.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:06.04.2025, PAGE-06

# विवि के छात्र करेंगे एनजीओ में काम

**बीआरएबीयू**

- विश्वविद्यालय में शुरू होगा एक्सपेरिमेंटल लर्निंग कार्यक्रम
- यूजीसी के निर्देश पर बिहार विश्वविद्यालय कर रहा पहल

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू के विद्यार्थी एनजीओ में काम करेंगे। यूजीसी के निर्देश पर बीआरएबीयू में एक्सपेरिमेंटल लर्निंग कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में छात्रों को एनजीओ में वॉलंटियर बनाकर काम कराया जायेगा। यूजीसी के निर्देश पर बीआरएबीयू भी इस योजना के तहत छात्रों को एनजीओ में भेजकर वॉलंटियर का काम कराने पर विचार कर रहा है।

बीआरएबीयू के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह का कहना है कि यूजीसी का निर्देश मिला है। कुलपति से निर्देश मिलने के बाद इस दिशा में आगे कदम उठाया जायेगा। यूजीसी नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेजों में एक्सपेरिमेंटल लर्निंग कार्यक्रम शुरू कर रहा है। इसके तहत छात्रों को मेरा युवा भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस पोर्टल पर छात्रों को कई सारी परियोजनाएं मिलेंगी, जिनमें वह काम कर सकेंगे। इन परियोजनाओं में निजी क्षेत्र से लेकर सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाएं शामिल हैं।

यूजीसी का कहना है कि स्नातक और पीजी के छात्र जब पढ़ाई के दौरान एनजीओ में काम करेंगे तो उन्हें चुनौतियां और उनके समाधान के बारे में जानकारी मिल सकेगी। इस पोर्टल के जरिये विश्वविद्यालय के छात्र स्वास्थ्य सेवाओं में भी काम कर सकेंगे। यूजीसी का कहना है कि एक्सपेरिमेंटल लर्निंग कार्यक्रम छात्रों को संवाद कौशल सुधारने में भी मदद करेगा। छात्रों के लिए रोजगार के भी कई साधन सामने आएंगे। छात्र इस कार्यक्रम से अपना एक नेटवर्क भी तैयार कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में शामिल होकर छात्रों का बायोडाटा काफी मजबूत हो जायेगा। ऐसा करने से उनकी प्रतिभा ही सिर्फ नहीं निखरेगी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा, जिसका सीधा लाभ उन्हें मिलेगा।

यूजीसी ने कहा है कि एक्सपेरिमेंटल लर्निंग कार्यक्रम सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में दो से तीन महीनों का होगा। इस कार्यक्रम में छात्रों को व्यापार और स्टार्टअप के बारे में बताया जायेगा।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी मील का पत्थर साबित होगी : प्रॉक्टर

**सेंट्रल लाइब्रेरी**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू के केन्द्रीय पुस्तकालय अंतर्गत सीनेट सभागार में चल रही राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन शनिवार को विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. विनय शंकर राय ने कहा कि पुस्तकालय विज्ञान की तीन दिनों की यह संगोष्ठी विश्वविद्यालय के लिए मिल का पत्थर साबित होगी।

विशिष्ट अतिथि विवि समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. आर्य प्रिया ने पुस्तकालय विज्ञान के इतिहास व वर्तमान का सिलसिलेवार ढंग से वर्णन किया। उन्होंने वर्तमान परिवेश में पुस्कालयों एवं सूचना केन्द्रों में आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की व्यापक रूप से चर्चा की। इस मौके पर गुवाहाटी विश्वविद्यालय के प्रो. संजय सिंह, जादवपुर विश्वविद्यालय के प्रो. सुवर्णो दास, प्रो. एम.पी. सिंह, प्रो. शरद कुमार सोनकर, डॉ. अनिल कुमार राय, संदीप कुमार, डॉ. डीडी लाल, डॉ. मनोज कुमार शर्मा, बसंत भारद्वाज, समीर कुमार, डॉ. विभाष मिश्रा, रोहित कुमार, डॉ. रुद्र ना शुक्ला, बीएल शर्मा, सहित दर्जनों विद्वानों ने देश के कोने कोने से आये प्रतिभागियों के शोध पत्रों का ऑनस्पॉट मूल्यांकन किया। दूसरे दिन मुख्य रूप से अभय राणा, डॉ. मनोज द्विवेदी, डॉ. मुकेश कुमार यादव, देवाशीष पंडित पॉल, सोनी कुमारी, नजीश शबा, राजकुमार आदि ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:06.05.2025, PAGE-04

## बीआरएबीयू. सेमिनार में 18 तकनीकी सत्र, वक्ताओं ने रखे विचार

# पुस्तकालय और सूचना विज्ञान में एआइ की बढ़ गयी है उपयोगिता

उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के सीनेट सभागार में राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन कार्यक्रम का उद्घाटन कुलानुशासक सह विवि स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग प्रो विनय शंकर राय ने किया. उन्होंने कहा कि विवि के केंद्रीय पुस्तकालय के पुस्तकालयाध्यक्ष सह पुस्तकालय व सूचना विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ केके चौधरी ने विवि मुख्यालय में तीन दिनों की राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर नजीर पेश की है. विशिष्ट अतिथि विवि के समाजशास्त्र स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ आर्या प्रिया ने पुस्तकालय विज्ञान के इतिहास व वर्तमान को सिलसिलेवार ढंग से वर्णन किया. उन्होंने वर्तमान परिवेश में पुस्तकालयों व सूचना केंद्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की उपयोगिता पर व्यापक चर्चा की. पांच तकनीकी

### देश के विभिन्न भागों से आये 90 शोधार्थियों ने पढ़ा अपना पेपर



विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में राष्ट्रीय सेमिनार में मंचासीन अतिथि .

सत्रों में मुख्य रूप से विभिन्न सत्रों की अध्यक्ष गुवाहाटी विवि के पुस्तकालय व सूचना विज्ञान विभाग एचओडी प्रो संजय सिंह, कोलकाता के जादवपुर विवि के पुस्तकालय व सूचना विभाग के एचओडी प्रो सुवर्णो दास, डॉ एमपी सिंह, प्रो शरद मुख्य रूप से शामिल रहे. तकनीकी सत्रों में डॉ अनिल राय, संदीप, डॉ डीडी लाल, डॉ मनोज शर्मा, बसंत भारद्वाज, समीर, डॉ विभाष मिश्रा, रोहित, डॉ रुद्र नारायण शुक्ला, बीएल शर्मा सहित अन्य विद्वान मौजूद रहे. प्रतिभागियों के शोध पत्रों का ऑन स्पॉट मूल्यांकन किया गया. इस मौके पर अभय राणा, डॉ मनोज द्विवेदी, डॉ मुकेश यादव, देवाशीष पंडित पॉल, सोनी, नजीश शबा, राजकुमार, राजा, अतुल, विपिन, रौशन अजीज, पूजा, शिवांगी सिंह ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया. धन्यवाद ज्ञापन संयोजक डॉ केके चौधरी ने किया.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR,
MUZAFFARPUR
DATE:06.04.2025
PAGE-04

# विवि में 19 अप्रैल से शुरू होगी बीएड की परीक्षा

- दो शिफ्टों में होगी परीक्षा, विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा का शेड्यूल

**उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू में बीएड की परीक्षाएं 19 अप्रैल से शुरू होंगी. दो शिफ्ट में परीक्षा का शेड्यूल जारी किया गया है. सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक फर्स्ट इयर की परीक्षा होगी, जबकि दोपहर दो से शाम पांच बजे तक सेकेंड इयर की परीक्षा होगी. अगले सप्ताह विवि की ओर से एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा. सभी छात्र-छात्राओं को उनके कॉलेज से ही एडमिट कार्ड मिलेगा.विवि में बीएड की परीक्षाएं समय पर संचालित हो रही हैं. सत्र 2024-26 के फर्स्ट इयर की परीक्षा 19 अप्रैल को शुरू होगी, जो पांच मई तक चलेगी. इससे पहले इपीसी पेपर एक, दो व तीन की परीक्षा संबंधित कॉलेजों में 15 से 17 अप्रैल तक ली जायेगी. इसी तरह सत्र 2023-25 के सेकेंड इयर की परीक्षा 21 अप्रैल से शुरू होकर आठ मई तक चलेगी. इसमें सात मई को कोर्स इपीसी -चार यानी अंडरस्टैंडिंग द सेल्फ की परीक्षा होगी. आठ मई को अंतिम दिन स्कूल इंटर्नशिप का पेपर होगा. परीक्षा नियंत्रक की ओर से सभी संबंधित कॉलेजों को निर्देश भेजा गया है. परीक्षा के लिए तीन अप्रैल तक कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म भरवाया गया है.

**विलंब शुल्क संग आठ तक पीजी का परीक्षा फॉर्म** : पीजी सत्र 2023-25 के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा इसी महीने शुरू होनी है. इसको लेकर विवि की ओर से तैयारी चल रही है. मार्च में परीक्षा फॉर्म भरने के लिए समय दिया गया था. विभाग व कॉलेजों के अनुरोध पर विलंब शुल्क के साथ आठ अप्रैल तक फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित की गयी है. पहले दो अप्रैल तक का समय दिया गया था, लेकिन कई विभाग व कॉलेजों में सभी छात्रों का फॉर्म नहीं भरा जा सका. परीक्षा फॉर्म भरवाने के बाद सभी विभाग व कॉलेज परीक्षा शुल्क के साथ परीक्षार्थियों की सूची विवि को उपलब्ध करायेंगे. इसके आधार पर ही एडमिट कार्ड जारी करने के साथ ही परीक्षा की तैयारी पूरी की जायेगी.पीजी की परीक्षाओं के लिए विवि मुख्यालय ही केंद्र बनता है.